# आ लौट के आ जा बाबा तुझे तेरे भक्त बुलाते हैं | By Raju Raj |

आ लौट के आ जा बाबा
तुझे तेरे भक्त बुलाते हैं
तुझे रो रो पुकारे मेरे नैन
तुझे तेरे भक्त बुलाते
आ लौट के आ जा बाबा
तुझे तेरे भक्त बुलाते हैं

रूठ गए क्यों हमसे ओ बाबा
ऐसी क्या भूल हमारी
तरस रहे हैं दर्शन को तेरे
जाए ना याद तुम्हारी

तेरी याद सताए दिन रात
तुझे तेरे भक्त बुलाते हैं
आ लौट के आ जा बाबा
तुझे तेरे भक्त बुलाते हैं

जब जब भी विपदा आन पड़ी है
तुमने ही धीर बंधाया
जब से तुम भी बिछड़ गए हो
कोई न गले लगाया

क्यों हो गए अंतरध्यान
तुझे तेरे भक्त बुलाते हैं
आ लौट के आ जा बाबा
तुझे तेरे भक्त बुलाते हैं

दीनों की सेवा में तूने
खुद को किया है अर्पण
ब्रजभूमि की पावन रज में
खुद का किया है समर्पण

लिए नैनों में असुवन धार
तुझे तेरे भक्त बुलाते हैं
आ लौट के आ जा बाबा
तुझे तेरे भक्त बुलाते हैं

तुझे रो रो पुकारे मेरे नैन
तुझे तेरे भक्त बुलाते
आ लौट के आ जा बाबा
तुझे तेरे भक्त बुलाते हैं

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86-%e0%a4%b2%e0%a5%8c%e0%a4%9f-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%86-%e0%a4%9c%e0%a4%be-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%81%e0%a4%9d%e0%a5%87-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87/